**कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,**
**कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।**

संख्या–5808/टी0आर0/तीन–2/2025 दिनांक 06 दिसम्बर 2025

# विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या–579/टी0आर0/तीन–1/2024 दिनांक 02–03–2024 के माध्यम से दिनांक 01–04–2019 से पूर्व पंजीकृत यानों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट स्थापित करने की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। उपरोक्त निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत राज्य में अभी तक 05 निर्माता कम्पनी/आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध किया गया है।

वर्तमान में आमजन के उपयोगार्थ विभागीय स्तर पर एकीकृत ऑनलाईन पोर्टल को विकसित किया जाना प्रस्तावित है। अतः सूचीबद्ध कम्पनी/आपूर्तिकर्ताओं के अतिरिक्त यदि कोई अन्य कम्पनी/आपूर्तिकर्ता निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत उपरोक्त कार्य हेतु सूचीबद्ध होना चाहता है तो वह विभागीय वेबसाइट https://transport.uk.gov.in पर उपलब्ध कार्यालय ज्ञाप दिनांक 02–03–2024 के अनुरूप परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड में आवश्यक प्रपत्रों सहित आवेदन कर सकता है।

(सनत कुमार सिंह)
अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।